Gmail

Sohanraj Tater <sohan.tater@gmail.com>

Ujjain News.

1 message

Sohanraj Tater <sohan.tater@gmail.com> Thu, Oct 26, 2017 at 10:05 PM
To: "Jodhpur, Sohan Raj Tater" <sohan.tater@gmail.com>

🔰 दिनांक 26 अक्टूबर 2017 गुरूवार के आयोजन एवं समाचार दस्तक न्यूज डॉट कॉम के साथ

🔰 उज्जैन @ दस्तक न्यूज । भारतीय ज्ञानपीठ में आयोजित पद्मभूषण डॉ. शिवमंगलसिंह सुमन स्मृति सद्भावना व्याख्यानमाला में आज डॉ. सोहन राज तातेड़ सृष्टि संरक्षण की अवधारणा विषय पर व्याख्यान देंगे। अध्यक्षीय उद्बोदन सामाजिक न्याय की अवधारणा विषय पर उज्जैन कलेक्टर संकेत भोंडवे देंगे।

🔰 उज्जैन @ दस्तक न्यूज । महाकाल मंदिर में शवलिंग क्षरण के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने महाकालेश्वर मंदिर समिति से अब तक की कारवाई का ेलेकर जवाब तलब किया हैं। समिति ने 18 बिंदुओं में इसका जवाब तैयार किया हैं इसके अनुमोदन के लिए आज मंदिर समिति की बैठक बुलाई गई है।

🔰 उज्जैन @ दस्तक न्यूज । मप्र सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान द्वारा भरतपुरी स्थित संस्थान सभागृह में आज से दो दिवसीय राश्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों , अकादमिक संस्थानों के संकाय सदस्य एवं विषय विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे व शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे।

🔰 उज्जैन @ दस्तक न्यूज । उत्तर भारतीय परिवार आज शिप्रा के रामघाट पर डूबते सूर्य को अर्ध्य देने के लिए उमडेंगे। उत्तर भारत के क्षेत्रों से उज्जैन में आकर रह रहे लोग आज छठ का पर्व मनाएंगे। कोठी रोड स्थित विक्रम सरोवर व रामघाट पर इनके द्वारा पूजा कर अर्ध्य दिया जाएगा।

🔰 उज्जैन @ दस्तक न्यूज । नगरीय प्रशासन मंत्री श्रीमति माया सिंह आज उज्जैन आएंगी। वे सिंहसथ मेला कार्यालय में स्मार्ट सिटी ,अमृत मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, शहरी रोजगार व अन्य जनहित योजनाओं की समीक्षा करेंगी। साथ में नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त विवेक अग्रवाल भी आएंगे वे सिंहस्थ मेला कार्यालय में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से सिवरेज प्लान का लेकर चर्चा करेंगे।

🔰 उज्जैन @ दस्तक न्यूज । भारतीय प्रजापति महासभा द्वारा आज सुबह 11 बजे नृसिंह घाट पर दीपावली मिलन समारोह व ब्लड बैंक ग्रुप गठन का आयोजन किया जाएगा।

🔰 उज्जैन @ दस्तक न्यूज । दीनदयाल अंत्योदय योजना व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत गरीब बेरोजगार युवाओं को नगर निगम द्वारा निशुल्क कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए इच्छुक आवेदक नगर निगम कार्यालय में संपर्क कर सकते है।

🔰 उज्जैन @ दस्तक न्यूज । कोठी परिसर तथा उसके 500 मीटर की दूरी तक के क्षेत्र में किसी भी राजनीतिक दल, संगठन संस्थाओं द्वारा धरना आंदोलन सभा प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर ने आदेश जारी कर धारा 144 लागू की है।

🔰 उज्जैन @ दस्तक न्यूज । आपदा प्रबंधन संसथान द्वारा सिंहस्थ मेला सभागृह में 27 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे प्रशिक्षण

दिया जाएगा। भोपाल के प्रशिक्षक यहां जिला प्रमुखों को प्रशिक्षण देंगे।

उज्जैन @ दस्तक न्यूज । कालिदास अकादमी में हस्तशिल्प मेला 31 अक्टूबर से 12 नवंबर तक चलेगा। प्रशसनिक स्तर पर इसको लेकर तैयारियां शुरू हो गई है।

प्रदेश @ दस्तक न्यूज । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के मध्यप्रदेश की सड़कों को अमेरीका से बेहतर बनाने के बाद सोशल मीडिया पर घमासान मच गया। विपक्ष ने सोशल मीडिया पर खराब सड़को के फोटो शेयर कर सड़कों की दुर्दशा दिखाई ।

देश @ दस्तक न्यूज । सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए आधार कार्ड लिंक करने की अनिवार्यता की समय सीमा बढ़ाकर 31 दिसंबर 2017 से 31 मार्च 2018 कर दी गई है। केंद्र सरकार ने यह जानकारी सुप्रीम कोर्ट को दी है।

देश @ दस्तक न्यूज । मोबाइल नंबर को अब घर बैठक आधार से लिंक करवाया जा सकेगा। सरकार इस प्रक्रिया को आसान बनाने जा रही है। दूरसंचार मंत्रालय जल्द ही इस संबंध में नए दिशा निर्देश जारी करेगा।

और भी खबरे पढ़ने और देखने के लिये लॉग ऑन करें www.dastaknews.com

for your information & news content -whatsapp no. 08989898904

Download Dastak News App Click On :https://goo.gl/CXVI8d

Email id - info@dastaknews.com, sundeep.kulshreshtha@gmail.com